हिन्दुस्तान
1936
गुरुवार
26 अक्तूबर 2023, आश्विन शुक्ल पक्ष, द्वादशी विक्रम संवत 2080, बरेली
भरोसा नए हिन्दुस्तान का

PAGE NO, 04 MIDDLE

मैं अधर्मी क्यूं... रावण नाटक का मंचन

- कार्यक्रम का उद्घाटन मशहूर शायर प्रो. वसीम बरेलवी ने किया
- रंगमंच के संस्थापक को समर्पित किया गया थियेटर फेस्टिवल

बरेली। वरिष्ठ संवाददाता। श्री राममूर्ति स्मारक रिद्धिमा में एलतीसरा थिएटर फेस्टिवल इंद्रधनुष बुधवार को आरंभ हुआ। यह आयोजन बरेली में रंगमंच के संस्थापक जेसी पालीवाल को समर्पित किया गया है। पहले दिन रिद्धिमा प्रोडक्शन की प्रस्तुति मैं अधर्मी क्यूं... रावण नाटक का मंचन हुआ।

कार्यक्रम का उद्घाटन स्व . जेसी पालीवाल की फोटो पर पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलन के साथ मशहूर शायर प्रो. वसीम बरेलवी ने किया। उनके साथ एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक और चेयरमैन देव मूर्ति, ट्रस्ट सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डा. एमएस बुटोला, डा. प्रभाकर गुप्ता, डा. एलएस मौर्य, डा. जसप्रीत कौर, डा. रीता शर्मा ने दीप प्रज्वलन कर पुष्पांजलि अर्पित की। वसीम बरेलवी ने कहा कि इंसान को मुकम्मल बनाने के लिए शिक्षा के साथ ही संस्कृति का अहम रोल है। एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक देव मूर्ति ने सभी का स्वागत किया और थिएटर फेस्टिवल इंद्रधनुष की जानकारी दी।

संचालन डा.अनुज कुमार ने किया। उद्घाटन समारोह के बाद तीसरे थिएटर फेस्टिवल का आगाज रिद्धिमा प्रोडक्शन की प्रस्तुति मैं अधर्मी क्यूं... रावण से हुआ। अश्विनी कुमार द्वारा लिखित एवं शैलेन्द्र शर्मा निर्देशित इस नाटक में रावण का चरित्र चित्रण किया गया।